दिन–सोमवार दिनांक– 15/12/2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधिः– 05 मिनट

---

भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन आज अपना पदभार ग्रहण करेंगे। श्री नबीन दिल्ली पहुंच गये हैं। वे हवाई अड्डे से सीधे भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे। श्री नबीन आज केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से भी मुलाकात कर सकते हैं।

———————————————————————————

लोकसभा की कार्यवाही विभिन्न मुद्दों पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस के कारण दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। पहले स्थगन के बाद दोपहर बारह बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हुए सदन के बीचोंबीच आ गये और आरोप लगाया कि सत्ताधारी पार्टी सदन चलाना नहीं चाहती। एनडीए सांसदों ने कांग्रेस की रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों का मुद्दा उठाया। पीठासीन अधिकारी ने विरोध कर रहे सदस्यों से सदन को चलने देने का आग्रह किया। शोरगुल जारी रहने पर सदन को दोपहर दो बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। इधर, राज्यसभा में भी इसी मुद्दे पर हंगामे को देखते हुए सदन की कार्यवाही दोपहर बारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज एक हजार दो सौ तिरासी आयुष चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इनमें आयुर्वेदिक, होमियोपैथिक और यूनानी चिकित्सक शामिल हैं। मुख्यमंत्री सचिवालय के संवाद सभागार में आयोजित कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, जल संसधान मंत्री विजय कुमार चौधरी तथा स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय भी मौजूद रहेंगे।

———————————————————————————

राजस्व और भूमि सुधार विभाग ने **परिमार्जन प्लस पोर्टल** पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन के लिए समय–सीमा तय कर दी है। उपमुख्यमंत्री सह विभागीय मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि अलग–अलग त्रुटियों में सुधार के लिए पंद्रह से पचहत्तर दिनों की समय–सीमा निर्धारित की गयी है। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण के क्रम में कुछ जमाबंदियों में रैयत के नाम, पिता का नाम, खाता–खेसरा और रकबा–लगान में त्रुटियां सामने आई हैं। इन्हीं में सुधार के लिए परिमार्जन प्लस पोर्टल विकसित किया गया है। श्री सिन्हा ने कहा कि अब तक साढ़े चार करोड़ जमाबंदियों को ऑनलाइन किया जा चुका है।

———————————————————————————

कृतज्ञ राष्ट्र ने आज लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धा पूर्वक याद किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि सरदार पटेल का व्यक्तित्व और उनके कार्य देश की एकता और अखंडता तथा विकसित भारत के संकल्प को हासिल करने में देशवासियों के लिए प्रेरणा के स्रोत बने रहेंगे। इस अवसर पर पटना के चितकोहरा स्थित पटेल चौक पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भाजपा के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नबीन सहित अन्य गणमान्य लोगों ने सरदार पटेल की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

———————————————————————————

सिखों के दसवें गुरु गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व पर आज से पटना में ग्यारह दिनों की प्रभात फेरी की शुरूआत हुई। पच्चीस दिसम्बर को बड़ी प्रभात फेरी के साथ इसका समापन होगा। प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह अट्ठाईस दिसम्बर को मनाया जायेगा।

———————————————————————————

पछुआ हवा की रफ्तार में कमी आने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटो के दौरान लगभग दस डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। मौसम पूर्वानुमान मे कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के दौरान तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। कुछ स्थानों पर सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

———————————————————————

मुंगेर जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक हाइवा ट्रक से पांच सौ बारह कॉर्टन शराब बरामद कर चालक को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र में एक अनियत्रि बस की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित लोगें ने बस में आग लगा दी और सड़क जामकर प्रदर्शन किया।

———————————————————————

समाप्त